जन कल्याण परिषद (उ0प्र0)
प्रगतिरिपोर्ट 2023-2024

1. **वृद्वाश्रम**–वर्ष 2017 से लगातार वर्ष 2024 मे भी समाज कल्याण विभाग (उ0प्र0) द्वारा संस्था जन कल्याण परिषद को जनपद गौतम बुद्व नगर मे वृद्वाश्रम संचालन विगत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी सफलतापूर्वक संचालन किया गया जिसमे लगभग 110 वृद्ध निवासरत् है। अब तक लगभग 1524 वृद्वजनो का पंजीयन हुआ है, संस्था जन हित कार्य करते हुये आगे बड़ रहीहै ।

2. **जल जीवन मिशन परियोजना एवं जल स्वच्छता**–वर्ष 2023-2024जल जीवनमिशन केअन्तर्गत संस्था को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा प्रदेश में Aश्रेणी पर चयनित किया गया जिसके अन्तर्गत तीन जनपद में जन जागरूकता – कानपुर देहात,जालौन और फतेहपुर आवंटित किया गया। जनपद कानपुर देहात मे नोडल अधिकारी,अधीशाषी अभियन्ता जल निगम कानपुर देहात द्वारा चार क्लस्टर, अधीशाषी अभियन्ता जल निगम जालौन, पाँच क्लस्टर तथा अधीशाषी अभियन्ता जल निगम फतेहपुर द्वारा एक क्लस्टर आवंटित किया गया जिसमें प्लानिंग एवं मोबिलाईजेशन फेज का कार्य पुरा किया गया।

3. **अटल भूजल योजना**–वर्ष 2023-2024में भुगर्भजल एवं जल संरक्षण विभाग लखनऊ द्वारा अटल भू जल योजना हेतु चयनित किया गया जिसमें ग्राउण्ड वॉटर का स्तर बढ़ाने एवं जल संरक्षण कार्य करने हेतु जनपद हमीरपुर के विकास खण्ड– सुमेरपुर की 9 पंचायतों को आवंटित किया गया कार्य की प्रगति को देखते हुये 2 ग्राम पंचायते और आवंटित की गयी इस तरह 11 ग्राम पंचायतो भु जल संरक्षण एवं समवर्धन हेतु जन जागरूकता का कार्यक्रम किया है जहाँ पर संस्था ने उक्त कार्य करते हुये जल सुरक्षा प्लान (WATER SECURITY PLAN) बनाकर पानी को सुरक्षित करने का कार्य किया तथा ग्रामवासियों को जगह जगह बैठको में जल की बचत करने हेतु उन्हे तैयार किया।

4. **सडक सुरक्षा कार्यक्रम**–संस्था जन कल्याण परिषद ने अपनी प्रगती को आगे बढ़ाते हुये वर्ष 2022-2023में सड़क पर होने वाली दुंघटनाओं को रोकने के लियेसड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पम्पलेट वितरण एवं गोष्ठी के माध्यम से जागरूकता पैदा की।

5. **सर्व शिक्षा अभियान**–संस्था ने वर्ष 2018 के कार्य को यथावत रखते हुए वर्ष 2023-2024 में जनपद– कानपुर देहात में 10 सहायक लेखाकार 1 लेखाकार 1 सहायक लेखाकार और 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

6. **महिला कल्याण जिला प्रोवेशन कार्यालय जनपद–कानपुर, कन्नौज ,फर्रूखाबाद**–संस्था ने वर्ष 2018 के कार्य की प्रगतिकोआगे बढ़ाते हुए वर्ष2023-2024 मे अनाथ असहाय बालक बालिकाए ,बेसहारा महिलाए विधवा परिपक्कता समाज व घरेलू हिंसा की उत्पीड़ित महिलाओं के सर्वागीण उत्थान हेतु संस्था ने अपने सामाजिक कार्यकर्तायो को

लगाकर सामाजिक विकास कार्य किया। जैसे वन स्टॉफ सेन्टर और महिला शरणालय ,राजकीय बालिका ग्रह (बालक) ,राजकीय बालग्रह ,राजकीय सम्प्रेक्षण ग्रह, बाल सुधार ग्रह घरेलू हिंसा,महिला संरक्षण केन्द्रो पर सामाजिक कार्यकर्ता के विभिन्न पदो पर कार्यरत् हैं।

7. <u>बाल नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम</u>—वर्ष **2023-2024** में संस्था जन कल्याण परिषद द्वारा कानपुर नगर के कई सार्वजनिक स्थानों में प्रचार पत्र वितरण किये गये और गोष्ठी का प्रचार प्रसार व आयोजन किया गया जिससे बच्चे बचपन से ही हर कील्लत से बचे और बच्चो को हर प्रकार के नशे से होने वाली समस्त प्रकार की हानियो के बचाव हेतु प्रचार किया गया जिससे कि वह स्वस्थ रहकर शिक्षित होकर भारत का भविष्य बने ।

8. <u>जन कल्याण परिषद बालिका इण्टर कॉलेज</u>—संस्था द्वारा असेवित/ सेवित योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड— विजयीपुर जनपद—फतेहपुर में पूर्ववर्ष की भॉति वर्ष**2023-2024**में भी संस्था ने निर्माणधीन कार्य को पूर्ण किया और विद्यालय का संचालन कक्षा छः से कक्षा दस तक किया।

9. <u>महिला जागरूकता गोष्ठी</u>— संस्था जन कल्याण परिषद ने वर्ष **2023-2024**में महिलाओं के उत्पीड़न, उन पर हो रहे अत्याचार ,उनके अधिकारों के हनन पर उन्हे विधिक जानकारी व उनकी कानूनी सहायता व उनके अधिकारों की प्राप्ति हेतु उन्हे जागरूक करने के लिए किदवई नगर कानपुर क्षेत्र में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं को सम्बोधन के साथ पम्पलेट् सभी वितरण किय गये

10. <u>कम्प्युटर प्रशिक्षण</u>—संस्था ने गत वर्ष **2023-2024** मे अपनी प्रगति को यथावत् रखते हुये जनपद कानपुर नगर मे ऐसे शिक्षित बेरोजगारों को कम्प्युटर तकनीकि प्रशिक्षण दिया और शिक्षा विभाग मे सेवा योजन देकर रोजगारमुखी बनाया आज भी वह वर्तमान मे कम्प्युटर ऑपरेटर सरकारी विभाग मे सन्तोषजनक कार्य कर रहे है। संस्था द्वारा कार्य संचालित किया जा रहा है।